## ढीमरखेड़ा जनपद की मुरवारी पंचायत का मामला, सीईओ को ज्ञापन सौंपकर जांच कार्यवाही करने की मांग

# गोलमालः फर्जी बिलों से लाखों रूपए की घपलेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ग्राम पंचायत मुरवारी में सरपंच-सचिव ने सांठगांठ से लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया है। कागजों में कई कार्य दर्शाकर राशि राशि आहरित कर ली गई है। सरपंच-सचिव के द्वारा फर्जी वेंडरों के बिल लगाकर राशि आहरित कर शासन को लाखों रुपए की क्षति पहुंचाई गई है। शिकायतकर्ता के द्वारा पूर्व में भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ढीमरखेड़ा के समक्ष शिकायत की गई थी जिसमें किसी तरह की कोई कार्यवाही एवं जांच नहीं की गई है। कार्यवाही न होने के कारण शिकायतकर्ता के द्वारा पुनः शिकायत करते हुये दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता मुरवारी निवासी अनंतराम काछी एवं अन्य ग्रामवासियों के द्वारा शिकायत में बताया गया कि ग्राम पंचायत मुरवारी ज०पं० ढीमरखेड़ा में ग्राम सरपंच व सचिव के द्वारा धड़ल्ले से भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसमें ग्राम हित में कार्य हेतु जो शासन से ग्राम पंचायत को राशि प्रदान की जाती है उसमें से मात्र 50 प्रतिशत राशि का उपयोग ग्रामहित के कार्यों में उपयोग किया जाता है एवं शेष राशि से अपना जेब गर्म किया जाता है।




### मजदूर का वेंडर बनाकर आहरित कर ली राशि

विक्रेता क्रमांक 1 ताराचंद साहू न ही कोई व्यापारी है और न ही उसकी कोई समिति आदि है वह सिर्फ एक किसान एवं ग्राम पंचायत कार्यों में मेट का कार्य करने वाला मजदूर है। इसी तरह विक्रेता क्रमांक 2 जो ताराचंद साहू की ही पत्नि है। इसी प्रकार विक्रेता क्रमांक 3 सोनम बाई काछी अंजान हैं ये कौन सी व्यापारी है या फिर इनसे ग्राम विकास कार्य का कौन सी सामग्री ली गई है इसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। विक्रेता क्रमांक 4 स्वयं ही वर्तमान ग्राम सरपंच का पुत्र है जिसकी स्वयं की ट्रेडर्स की दुकान है जिनको 6 नडेप (कूड़ादान) कार्य की सामग्री का भुगतान किया गया है किंतु ग्राम में सिर्फ 4 नडेप (कूड़ादान) का ही निर्माण कार्य किया गया है शेष 2 की कोई जानकारी प्राप्त नहीं है।

### मनरेगा में भी चल रहा फर्जी हाजिरी का खेल

शिकायत में बताया गया कि ग्राम में अन्य भ्रष्टाचार किया गया है जिसमें ग्राम के विकास कार्यों में सरपंच अपने स्वयं के पुत्र एवं पत्नि आदि को मजदूरी कार्य में शामिल नहीं कर सकता न ही अपने जॉब कार्ड में पुत्र एवं पत्नि की हाजरी लगा सकते, इसका उल्लघंन करते हुये ग्राम सरपंच अपनी मनमानी व भ्रष्टाचार करते हुये अपने दो पुत्र प्रशांत लोधी एवं नीरज लोधी का जॉब कार्ड क्रमांक 351/ए में हाजरी चढ़ाते हुये मजदूरी राशि प्रदान की जा रही है। जबकि ग्राम सरपंच के दोंनो पुत्र ग्राम रोजगार कार्य में जाते ही नहीं। इसी तरह की कई और अनियमित्ताएं ग्राम पंचायत मुरवारी सरपंच अजय पटेल, सचिव बशरूलहक मूंसरी के द्वारा की जा रही है बावजूद इसके प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा में सो रहा है। शिकायत सौंपकर ग्रामवासियों के द्वारा मांग की गई है कि फर्जी बिल लगाकर शासन की राशि का दुरूपयोग करने वाले सरपंच-सचिव और फर्जी वेंटरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करके वसूली की कार्यवाही की जाये।



### ये फर्जी बिल लगाकर राशि कर ली गई आहरित

सरपंच-सचिव के द्वारा विक्रेता ताराचंद साहू पिता नोखे लाल के बिल लगाये गये है जिसका आईडी क्रमांक- 338847 है जिसमें समय-समय पर इस तरह से भुगतान किया गया है- बिल क्रमांक **1.** 14367143 राशि 15810, **2.** 13400571 राशि 1500 , **3.** 13400539 राशि 9000, **4.** 13361266 , राशि 9000, **5.** 13361283 राशि 8700, **6.** 12878481 राशि 1800, **7.** 12513454 राशि 1800, **8.** 12513466 राशि 900, **9.** 12450356 राशि 1800, **10.** 12403967 राशि 1800, **11.** 12368954 राशि 1800, कुल राशि 53280 रुपए के फर्जी बिल लगाकर राशि आहरित की गई है। इसी तरह से बिसरती बाई नामक महिला के नाम से भी फर्जी बिल लगाये गये है जिसकी आई डी कमांक-3188206, बिल क्रमांक- 14367135 राशि 15180 आहरित की गई, इसी प्रकार सोनम बाई काछी महिला के नाम से बिल लगाये है जिसका आईडी क्रमांक-3188230, बिल क्रमांक- 14367122, राशि- 15180। निशांत लोधी पिता अजय लोधी जो सरपंच का पुत्र है इसके नाम से भी राशि आहरित की गई है जिसका बिल क्रमांक-12450318, राशि 50400 निकाली गई है।

### शिकायत को अधिकारी कर रहे अनदेखा

शिकायतकर्ता ने बताया कि मेरे द्वारा दिनांक 2 जून को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के समक्ष शिकायत की गई थी जिसमें न तो कोई कार्यवाही की गई और न ही जांच संस्थित की गई। कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण शिकायतकर्ता के द्वारा पुनः उपरोक्त बिन्दुओं में शिकायत करते हुये दोषियों के विरूद्ध जांच संस्थित करते हुये कार्यवाही की मांग की गई है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सीईओ जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा यजुवेन्द्र कोरी का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है। जांच दल का गठन किया जाकर जांच कराई जायेगी जो भी तथ्य सामने आयेंगे उस पर कार्यवाही की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 177.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 30 जून तक कुल 177.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 279.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 38.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 215.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 166.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 141.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 153 मिलीमीटर, बरही तहसील में 172 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 210.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 126.3 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 279.9 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 167.7 मिलीमीटर कुल वर्षा दर्ज की गई है।

### नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 1 जुलाई से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। दीक्षारंभ कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थी शिक्षकों से भी परिचित होंगे तथा महाविद्यालय में प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम में पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ नव प्रवेशित विद्यार्थी प्राप्त कर सकेंगे। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट तथा पाठ्येत्तर गतिविधियों से संबंधित जानकारी, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं अन्य आवश्यक जानकारियां भी दी जाएगी। प्राचार्य ने 1 जुलाई से प्रातः 11 बजे से आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम में अधिक से अधिक नव प्रवेशित विद्यार्थी महाविद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है। जिससे कि भविष्य में जानकारी के अभाव में होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं से विद्यार्थी बच सकें।

### हादसे में वृद्धा की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में हुए हादसे में देववती रघुवंशी 70 निवासी ग्राम खरहटा घायल हो गई। गंभीर हालत में परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

*जिला पंचायत में हुआ जिला स्तरीय समापन समारोह का आयोजन*

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों सहित कर्मचारियों व जलदूतों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पानी की हर बूंद को सहेजने और भू–जल स्तर में सुधार के उद्देश्य से चलाये गये प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर जिला पंचायत कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के खंडवा जिले में आयोजित जलगंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा व सुना गया।

इस मौके पर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया, श्रीमती कविता पंकज राय, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जनपद पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष जगदीश उर्मलिया, अखिल पाण्डेय और जिला स्तरीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा जन अभियान परिषद एवं जल संसाधन विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। समापन कार्यक्रम के अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जलदूतों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

अभियान के दौरान जन अभियान परिषद के माध्यम से पुरानी जल संरचनाओं, कुओं, बावडियों एवं धार्मिक स्थलों में 282 कार्य, 1894 दीवार लेखन, 164 स्थलों पर नुक्कड़ नाटक एवं प्रभात फेरी के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

अभियान के तहत माय भारत पोर्टल पर 2600 के लक्ष्य के विरूद्ध 3094 वॉलेंटियर का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिन्हें लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल स्तर की गुणवत्ता की निगरानी करने और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने में इस प्रशिक्षण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी।

### जल संचय के लिए बन रहे खेत तालाब एवं रिचार्ज पिट

अभियान के तहत मनरेगा योजनान्तर्गत 4 करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से 2 हजार 49 खेत तालाब स्वीकृत किये गये हैं। इसी प्रकार कपिलधारा कूप रिचार्ज पिट के 1 हजार 856 कार्य स्वीकृत हुये हैं। जिसकी लागत 47 लाख 66 हजार रूपये है। वहीं 4 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत से जिले में 18 अमृत सरोवर का निर्माण भी किया जा रहा है। अधिकांश कार्य पूर्णता की ओर है। इन जल संरचनाओं के निर्माण हेतु स्थल चयन में जिले के इतिहास में पहली बार वैज्ञानिक पद्धति सिपरी साफ्टवेयर की मदद से ली गई है। जिससे बेहतर स्थल चयन हो और अधिक मात्रा में जल संरक्षित हो सके।

## विजेताओं को शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि से किया पुरस्कृत




रॉयल फिटनेस जिम जालपा देवी वार्ड कटनी में "आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप" का आयोजन हुआ। जिम संचालक मनीष त्रिसोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि चैंपियनशिप वेट के अनुसार पांच कैटेगरी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता चुने गए। गर्ल्स कैटिगरी में प्रथम शालिनी कुशवाहा, सेकंड साधना विजेता रही। ओवरऑल चैंपियन ऑफ़ द चैंपियन शुभम यादव विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कार शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता श्रेणी विजेता – बालिका वर्ग 1. शालिनी हल्दकार 2. साधना पटेल 3. संध्या दुबे, 0–50 किग्रा– 1. प्रताप निषाद 2. रिंकू निषाद 3. अनुराग जैन, 50–60 किग्रा 1. गौरव पाल 2. रवि चक्रवती 3. सक्षम निषाद, 60– 70 किग्रा 1. शुभम यादव 2. मोनू खान 3. दीपांशु सेन, 70–80 किग्रा– 1. कपिल नागदेव 2. शिव निषाद 3. प्रिंस सिंह, चैंपियन विजेता 1. शुभम यादव 2. गौरव पाल रहे। इस अवसर पर मंडल महामंत्री डॉ सुनील द्विवेदी, अजय माली, अरविंद जैन एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

## मोहर्रम पर्व पर समुचित व्यवस्था कराने कर्मचारियों को सौंपे गए कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मोहर्रम त्यौहार के मुख्य कार्यक्रम ताजिया जुलूस को दृष्टिगत रखते हुए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों, जुलूस मार्ग सहित गाटर घाट करवला, मदन मोहन चौबे वार्ड एवं सागर रेलवे पुल के पास कर्बला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश निगमायुक्त नीलेश दुबे ने दिए है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा मोहर्रम पर्व के मद्देनजर एक आदेश जारी करते हुए जुलूस मार्ग इस्लाम चौक , मौला चौक , सुभाष चौक ईश्वरीपुरा वार्ड, अमीरगंज, श्याम मेडिकल, आजाद चौक, मिशन चौक , गाटर घाट कर्बला , मदन मोहन चौबे वार्ड एवं सागर रेलवे पुल एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के पास कर्बला के आसपास साफ-सफाई कराई जाकर, जुलूस मार्गो के गड्ढों को भरा जाकर मार्ग सुधार कार्य कराया जाए एवं ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव सहित उक्त स्थानों में पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखे जाए तथा आवारा पशुओं की रोकथाम, अस्थाई अतिक्रमण हटानें एवं अग्निशमन की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु नगर पालिक निगम के विभिन्न शाखाओं के विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा मोहर्रम त्यौहार पर ताजिया जुलूस को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत तारों, टेलीफोन तारों को समुचित ऊंचाई पर समय से पूर्व व्यवस्थित करने के निर्देश दिए है। अग्निशमन व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को पुलिस कंट्रोल रूम से समन्वय स्थापित कर अग्निशमन वाहन मय स्टाफ समय पर उपलब्ध कराते हुए सतत संपर्क में रहकर विभागीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त नें मोहर्रम पर्व पर 6 जुलाई रविवार को कर्बला घाटों में उपस्थित रहकर आवश्यक व्यवस्था को पूर्ण करने हेतु पृथक से अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसके तहत गाटर घाट कर्बला में जलकुंड सहित संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को सौंपा जाकर पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

*जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कलेक्टर से की थी शिकायत*

## वायु प्रदूषण एक्ट के उल्लंघन करने पर विक्ट्री मिनरल्स प्रा. लिमि. को किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने ग्राम देवरी हटाई में स्थित स्टोन क्रशिंग एवं मिनरल ग्राइंडिंग उद्योग मेसर्स विक्ट्री मिनरल्स प्रा. लिमि. को पर्यावरणीय नियमों की अवहेलना करने पर बंद करने का निर्देश दिया है।

### यह है मामला

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में ग्राम देवरीहटाई में बीते 12 जून को आयोजित लोक सुनवाई सह जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष मेसर्स विक्ट्री मिनरल्स के प्रोप्राईटर पियूष सरावगी के उद्योग से फैल रहे प्रदूषण के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की थी। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी और एसडीएम कटनी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। स्टोन क्रेशर फैक्ट्री का निरीक्षण करने के बाद पाया गया कि यहां वायु सम्मति नियमों के अनुरूप प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित नहीं करने के कारण स्टोन क्रेशर को तत्काल प्रभाव से बंद करने हेतु प्रबंधक पियूष सरावगी को वायु अधिनियम के उल्लंघन पर बंद करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस स्टोन क्रेशर का विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने हेतु म.प्र.पू.क्षे. विद्युत वितरण कंपनी से कहा गया। साथ ही जिला खनिज अधिकारी को पिट पास बंद करने का आग्रह भी क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा किया गया।

### इकाई में इन नियमों का किया गया उल्लंघन

मेसर्स विक्ट्री मिनरल्स प्रा. लिमि. द्वारा वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम का पालन नहीं किया गया जिससे औद्योगिक इकाई में वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था सक्षम एवं प्रभावी रूप से संचालित नहीं होने से आस-पास के परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रभावित हुई है। और पर्यावरण को क्षति पहुंचाई गई है। इसलिए इस इकाई को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए।

### नियमों का पालन करने के बाद ही शुरू होगी इकाई

क्षेत्रीय अधिकारी ने मेसर्स विकट्री मिनरल्स प्रा. लिमि. को जारी पत्र में उल्लेखित किया है कि जल और वायु सम्मति शर्तों के अनुरूप सक्षम एवं प्रभावी प्रदूषण व्यवस्था के अनुरूप संचालन करने पर ही इकाई प्रारंभ की जाएगी। साथ ही निर्देश दिया गया कि स्टोन क्रेशर परिसर के चारों ओर 15 फिट ऊँची बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाय। स्टोन क्रेशर के अंदर की रोडो का पक्कीकरण किया जाय तथा स्टोन क्रेशर में स्थापित सभी कन्वेयर बैल्टों को टीन की चादर से कवर करते हुए टेलिस्कोपिक च्यूट की स्थापना की जाय।

*जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन का किया गया वर्चुअल प्रसारण*

## वर्षा जल सहेजने एवं भूजल स्तर बढ़ाने के लिए किये गए कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

व्यापक जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण हेतु प्रदेश में 30 मार्च से आयोजित होकर 30 जून तक चलनें वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का के समापन समारोह एवं वाटरशेड सम्मेलन का आयोजन सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में खंडवा जिले में किया गया।



नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, नगर आयुक्त नीलेश दुबे सहित निगम के अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण देखा एवं सुना।

नगर निगम सीमान्तर्गत आयोजित अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी तथा निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न वार्डो पर स्थापित नलकूपों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। अब तक 49 नग नलकूपों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। आगामी समय में कुल 100 नलकूपों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट निर्माण कार्य किया जाना है। इसके अतिरिक्त नगर निगम कटनी द्वारा अमृत 2.0 योजनान्तर्गत कटनी नदी पर निर्मित मोहन घाट एवं मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रेजुवनेशन का कार्य 1.83 करोड़ रूपये की लागत से कराया जा रहा है। अभियान अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर नगर निगम द्वारा कुल 11 स्थानों पर एवं समाजसेवी संस्थाओ द्वारा भी अलग-अलग 16 स्थानों पर निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ की भी व्यवस्था की गई। संस्थाओं द्वारा श्रमदान के माध्यम से कटनी नदी मसुरहा घाट में नदी एवं घाट सफाई कार्य, कटनी नदी कटायेघाट में से जलकुंभी हटाने का कार्य, अमीरगंज तालाब, सुरम्य पार्क में नौका विहार हेतु निर्मित झील, सिमरार नदी पर निर्मित बाबा घाट, माई घाट साफ-सफाई की गई जिसमें माई घाट से पूजन सामग्री, पॉलीथिन एवं नदी में एकत्रित जलकुम्भी हटाने की कार्यवाही की गई।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय
1227, शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर ( म.प्र. )
Email - cs8243@pnb.co.in

**आधिपत्य सूचना** ( अचल संपत्ति ) [ नियम –8 ( 1 ) परिशिष्ठ –IV के अन्तर्गत ]

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्योरिटी इंटरेस्ट ( इंफोर्समेंट ) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार को डिमांड नोटिस एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया था। उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार राशि चुकाने में असफल रहे है। अतः इस सूचना द्वारा उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का भौतिक आधिपत्य खाते के सामने उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। उधारकर्ता/बंधककर्ता /जमानतदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा ( 8 ) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की ओर आमंत्रित है। उधारकर्ता/बंधककर्ता / जमानतदार को विशिष्ठतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद्द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए पंजाब नैशनल बैंक के अधीन होगा।

| उधारकर्ता/बंधककर्ता / जमानतदार के नाम | संपत्ति का विवरण संपत्ति के मालिक / बंधककर्ता का नाम | माँग सूचना दिनांक / भौतिक आधिपत्य दिनांक / माँग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| **Branch : Katni - Station Road**<br>1. ( उधारकर्ता )– मेसर्स राजलानी मार्केटिंग, प्रो.– श्री रितिक राजलानी पुत्र श्री घनश्याम दास राजलानी के माध्यम से<br>2. ( जमानतदार एवं बंधककर्ता ) – श्री घनश्याम दास राजलानी पुत्र स्वर्गीय तोलाराम राजलानी<br>पता-I. डन मार्केट, दुकान नंबर 5, जबलपुर रोड, बरगवां, कटनी – 483501 एम.पी.<br>II . 46 मुल्तानी गली, सिंधु भवन के पास, नई बस्ती, हनुमान गंज वार्ड नंबर 22, मुड़वारा, जिला कटनी 483501<br>Account No.- 0263008700081214 | आवासीय रूप से व्यपवर्तित अचल संपत्ति के सभी भू–भाग व अंश, मौजा – पडरवारा, रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड, एन.बी. 14, पी.एच. नंबर – 44, तहसील और जिला कटनी में स्थित डायवर्टेड खसरा नंबर 424, क्षेत्रफल 0.310 हेक्टेयर, यानी 33356 वर्गफुट, जो डायवर्सन आदेश दिनांक 29.09. 2012 के अनुसार है और जो विक्रय विलेख दिनांक 28.08.2012 के अनुसार निम्नानुसार सीमांकित है – उत्तर– रामरति चंद्रपाल रामदयाल और वलदी खसरा नंबर – 420, 421, 422, 423, दक्षिण– म. प्र. शासकीय नजूल भूमि चारागाह, पूर्व– खसरा नंबर 425 एवं 426 काशी प्रसाद, शंकर की भूमि, पश्चिम – म.प्र. शासकीय नजूल भूमि।<br>मालिक एवं बंधककर्ता – श्री घनश्याम दास राजलानी पुत्र स्वर्गीय तोलाराम राजलानी | 28.02.2024<br>26.06.2025<br>Rs. 87,77,861.12<br>+ देय ब्याज एवं अन्य खर्च |

वैधानिक सूचना :- उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक के 30 दिनों के अंदर वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान करदें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी करदी जाएगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार की जाएगी।

दिनांक - 01/07/2025 स्थान - जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

**खबर संक्षेप**

## सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने किये जा रहे प्रयास

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता पर रखते हुए नगर निगम कटनी द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कराया जा रहा है।निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार शहर की सफाई व्यवस्था का अधिकारी निरंतर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दें रहे हैं।वहीं दूसरी ओर निगमायुक्त श्री दुबे भी समय-समय पर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। स्वास्थ्य अमले द्वारा दैनिक सफाई व्यवस्था एवं रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था अन्तर्गत में बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय,कटनी स्टेशन रोड, मिशन चौक,सुभाष चौक, सब्जी मंडी रोड,बरही रोड,गर्ग चौराहा, गांधी द्वार,झंडा बाजार प्रमुख मार्गों सहित समस्त वार्डों में सफाई कार्य कराया गया इसके साथ ही डिवाइडर,कटनी नदी पुल की भी सफाई कराई गई है। वर्षा ऋतु के दौरान जलप्लावन की स्थिति से निपटने के लिए रविवार को जे.सी.बी मशीन एवं स्वच्छता दूतों द्वारा शहर के विभिन्न नाले-नालियों की सफाई कराई गई। निगमायुक्त श्री दुबे ने नागरिकों से भी आग्रह किया कि इधर-उधर कचरा ना फेंकें, गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखते हुए कचरा गाड़ी में ही कचरा डालते हुए शहर को स्वच्छ बनाए रखनें अपनी सहभागिता दें।

## निगम निगम में 6 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

**कटनी।** नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान माह जून 2025 की स्थित में सेवानिवृत्त हो रहे 6 कर्मचारियों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा शाल श्रीफल एवं उनके स्वत्वों के चैक भेंट कर उनके सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान निगम परिवार के अन्य समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों का तिलक वंदन एवं पुष्पहार पहनाकर ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें कहा कि निगम परिवार से आज हमारे बीच के छह कर्मचारी गणेश बिचपुरिया सुपरवाइजर, गणेश दुबे विनियमित, श्रीमती पूर्णिमा बक्शी शिक्षक, सफाईकर्मी श्रीमती मीना/नंदू, श्रीमती अंतो भगत, श्रीमती लक्ष्मी शिवलाल सेवानिवृत्त हो रहे है। शासन नियमानुसार शासकीय कर्मचारी को निश्चित सेवा अवधि के उपरांत सेवा से निवृत्त होना ही पड़ता है। आप सभी कर्मचारी कर्मठ एवं सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी रहे है। आपके द्वारा अपनी सेवाकाल के दौरान दिया गया योगदान रहा।

## शासकीय आईटीआई ढीमरखेड़ा में प्रवेश प्रक्रिया हुई प्रारंभ

**कटनी।** जिले के आदिवासी विकासखंड ढीमरखेडा (उमरिया पान) में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में कोपा ट्रेड (कंप्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश के लिए इच्छुक 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पंजीयन करवा सकते है। पंजीयन के उपरांत 5 जुलाई से 11 जुलाई तक तक च्वाईस फीलिंग तथा त्रुटि सुधार कर सकते है। जबकि 12 जुलाई को आवेदको के लॉगिन पर कॉमन रैंक जारी की जायेगी। यदि कॉमन रैंक में कोई त्रुटि है तो आवेदक 13 जुलाई तक सुधार कर सकते है। वहीं 17 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जायेगी एवं चयनित आवेदकों को दिनांक 17 जुलाई से 19 जुलाई तक प्रवेश प्रदान किया जावेगा। चौथी सूची अपग्रेड के साथ दिनांक 23 जुलाई को जारी की जावेगी। प्राचार्य शासकीय आईटीआई आनंद चौधरी ने विकासखण्ड ढीमरखेडा.के 10वीं पास सभी इच्छुक छात्र-छात्राओं से जल्द से जल्द अपना पंजीयन कराने और कंप्यूटर व्यवसाय में प्रवेश लेने हेतु अपील की है। साथ ही महिलाओं के लिये 35% सीटें आरक्षित की गई है। इसके अलावा प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अनिल कुमार तिवारी से संपर्क किया जा सकता है।

### सीएम डैशबोर्ड, लंबित सीमांकन आवेदन, सीएम हेल्पालाइन, फॉर्मर रजिस्ट्रेशन की समीक्षा

# पोर्टल में उपलब्धता लेकिन ऑफलाइन उर्वरक नहीं होने पर समितियों पर कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सीएम डैशबोर्ड, लंबित सीमांकन आवेदन, सीएम हेल्पमलाइन, फॉर्मर रजिस्ट्रेशन, स्कूल नामांकन, वाहन फिटनेसस एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान सहित महत्वापूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टंर साधना परस्ते मौजूद रहीं।

बैठक के दौरान कलेक्टार श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को सीपीग्राम से प्राप्तू शिकायतों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित सीमांकन आवेदनों पर शीघ्र सीमांकन करने के निर्देश जारी किए।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों को जिला संवर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नीति से संबंधित तैयारियां करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग राज्यो शासन से प्राप्तत निर्देशों का पालन करें।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान आरटीओ के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एससीएन जारी करने और एक कार्य दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### सर्पदंश प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर यादव ने जिले में होने वाले सर्पदंश के मामलों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्यि विभाग को निर्देशित किया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एंव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाये। साथ ही ये डॉक्टर रात में भी उपलब्ध रहें। उन्होंने सर्पदंश के मामलों की रिपोर्टिंग कर सूचित करने के भी निर्देश दिए।

### फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में लाये तेजी

बैठक के दौरान कलेक्टर ने बड़वारा, स्लीमनाबाद, कटनी नगर, ढीमरखेड़ा व रीठी को फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम प्रतिदिन का लक्ष्य तय कर तहसीलदारों और पटवारियों के माध्याम से लक्ष्य को पूरा कराना सुनिश्चित करें।

### स्कूल वाहनों का करें परीक्षण

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने स्कूल बसों के परीक्षण की समीक्षा करते हुए आरटीओ को पोर्टल से जानकारी निकालकर वाहनों के फिटनेस, परमिट, इंश्योररेंस आदि की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी विभागों द्वारा एक सप्तालह के भीतर प्राप्तं लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में स्कू ल एवं कॉलेज के छात्रों को भी शामिल किया जाय।

### खाद उपलब्धता की समीक्षा

बैठक के दौरान खाद की उपलब्ध्ता की समीक्षा करते हुए कलेक्ट्र श्री यादव ने कहा कि नगर विक्रय केन्द्रों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन समितियों में पोर्टल पर उपलब्धता दिख रही है, परंतु ऑफलाइन खाद उपलब्ध नहीं है उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, निगमायुक्त, जिला आपूर्ति अधिकारी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग, जिला पंजीयक, श्रम अधिकारी, सिविल सर्जन एवं अन्यध विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# घायलों की जान बचाने वालों को मिलेगी 25 हजार की राशि

**सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने की राहवीर योजना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राहवीर योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को समय पर और तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना है। यह योजना उन नागरिकों को प्रोत्साहित करती है जो सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को अस्पताल पहुंचाते हैं।

### योजना के प्रमुख बिंदु

राहवीर योजना का मुख्य उद्देश्य है सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन आवर (दुर्घटना के बाद का पहला महत्वपूर्ण घंटा) के भीतर अस्पताल पहुंचाना ताकि उनकी जान बचाई जा सके और गंभीर चोटों से बचा जा सके।

यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को किसी अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाता है और उसकी जान बचाने में मदद करता है, तो उसे सरकार द्वारा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही नकद पुरस्कार के साथ-साथ, मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मदद करने वाले व्यक्ति को पुलिस या किसी भी कानूनी कार्रवाई से परेशान नहीं किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोग बिना किसी डर या झिझक के घायलों की मदद के लिए आगे आएं।

यह योजना लोगों को एक सच्चे हमदर्द (गुड समैरिटन) के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है और समाज में सहायता और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देती है। यह योजना मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा अनुमोदित की गई है और राज्य भर में लागू की गई। प्रदेश में यह राहगीर योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी।

**प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं का किया जा रहा निरीक्षण**

# कमजोर छात्रों का चयन कर अंग्रेजी एवं गणित को रूचिकर हेतु बनाने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता को जाँचने -परखने निरीक्षण किया जा रहा है।गत दिवस डाइट व्याख्याता राजेन्द्र असाटी द्वारा स्थानीय शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय न्यू कटनी जंक्सन पहुंच कर सर्वप्रथम कक्षा छठवीं के छात्र-छात्राओं से रूबरू होकर, लगातार 45 मिनिट तक बच्चों को उनकी कक्षा में अध्ययन कराने के बाद उनके शिक्षा के कमज़ोर क्षेत्र को चिन्हित कर उन्हें उचित मार्गदर्शन देकर उनमें अंग्रेजीऔर गणित विषय को रुचिकर बनाने हेतु उन्हें मोबाईल आधारित टिप्स प्रदान किये। बच्चों में स्वयं सिखने की अनुपम कला को विकसित करने हेतु उन्होंने छात्रों और विषय शिक्षकों को नवीनतम जानकारी से उनका ज्ञानवर्धन किये . बच्चों की कक्षा लेने के उपरांत उन्होंने शिक्षकों की बैठक आयोजित कर, उन्हें उनके विषय से जुड़ी कठिन अवधारणा को सरल से सरल तरीके से कक्षाओं में प्रदर्शित करने के वे सारे नुख्स सिखाये, जिसके चलते कक्षा में शिक्षक द्वारा दी जाने वाली शिक्षा बच्चों को उबाऊ के स्थान पर रुचिकर और नई नई जिज्ञासाओं को जन्म देने में कारगर सिद्ध हो।

उन्होंने शिक्षकों को अपने अध्ययन -अध्यापन में मामूली परिवर्तन कर बच्चों में ऐसी अमिट छाप छोड़ने से जुड़े नये नये सूत्र बताये, जिसमें विद्यार्थीयों की शाला में अनियमित उपस्थिति को काफ़ी हद तक नियमित की जा सके. बैठक के दौरान उन्होंने गाँधीवादी तरीके से शिक्षकों की कक्षा लेते हुए, विद्यालयीन शिक्षा को विश्वसनीय और गुणवत्ता पूर्ण बनाने में कोई कोर कसर न छोड़ने का आह्वान किये. उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय से नियमित जोड़ने और उसे शैक्षणिक समय विभाग चक्र में दर्ज कर बच्चों के स्वअध्ययन पर विशेष बल देते हुए न्यू कटनी जंक्सन विद्यालय में रिस रही सीमेंट की चादर युक्त छप्पर की मरम्मत कराने हेतु वहाँ के प्रधानपाठक को 15 से 20 हजार की राशि डाइट मद से स्वीकृत कर यथा शीघ्र काम कराने का निर्देश दिये।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



एक पेड़ मां के नाम और अंकुर अभियान के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मधु कामिनी का पौधा लगाया। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, विंकी सिंहमारे उइके और सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अधिकारियों ने भी पौधे लगाए ।

# नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कक्षा छठवीं सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन आनलाईन किया जा सकेगा। आनलाईन आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। आवेदन ऑनलाईन निःशुल्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले में ही निवासी होंगे।

चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी का एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों दिनांक सम्मिलित करते हुए) के बीच हुआ हो। कक्षा छठवीं में प्रवेश से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को कटनी जिले के विभिन्न विकास खण्डों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है।

**आपात स्थिति से निबटने सूचना तंत्र को सुदृढ और मजबूत बनाएं**

# बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु निगम के कार्यो एवं तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बाढ़ आपदा की संभावित स्थितियों से निपटनें तथा अतिवर्षा के दौरान जान-माल की क्षति को कम करनें के उद्धेश्य से पूर्व से तैयारियां कर अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति में निचली बस्तियों मे जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत हेतु नगर निगम के माध्यम से किये जा रहे विभागीय कार्यो एवं आवश्यक व्यवस्था के संबंध में सोमवार को उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु विभागीय कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु आपदा प्रबंधन कक्ष में बाढ़ आपदा सामग्री का भंडारण सुनिश्चित करनें, कच्चे पुराने जीर्ण शीर्ण एवं जर्जर भवनों की पहचान कर नोटिस जारी करते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने के साथ ही नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गा में आवारा रूप से विचरण करनें वाले मवेशियों के सींग में रेडियम लगवानें सहित आवश्यकयतानुरूप उन्हे सुरक्षित पकड़कर गौ-शाला एवं कांजी हाउस पहुंचानें की कार्यवाही करानें के निर्देश दिए।

उपायुक्त श्री गुप्ता ने बाढ़ आपदा से संबंधित नगर निगम में स्थापित कराये गए कंट्रोल रूम को पूरे समय सक्रिय और अलर्ट रहनें के निर्देश दिए है। उन्होंने कंट्रोल रूप के नंबर 07622- 292740 का प्रचार - प्रसार करनें सहित कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक प्रेषित कर तत्काल शिकायतों का निराकरण करानें के निर्देश दिए है।

उपायुक्त श्री गुप्ता नें अतिवृष्टि के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नदी घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवाने, नदी किनारे की बस्तियों क्षेत्र, जहां पूर्व में बाढ़, जलप्लावन की स्थितियां निर्मित हुई हैं वहां पर पूर्व अनुभवों के आधार पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए है।

बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, उपयंत्री जे.पी.बघेल, अश्विनी पाण्डेय, संजय मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### खरीफ फसलों के लिए किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी खाद

# जिले के लिए 720 मीट्रिक टन उर्वरक की आई खेप, दूर होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए जरूरी मांग वाली उर्वरकों की जिले में पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। झुकेही रैक पाइंट पर रविवार की देर रात आई रैक से कटनी जिले को 720 मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हुई है। जिसमें 520 मीट्रिक टन डीएपी और 200 मीट्रिक टन अमोनियम फास्फेट सल्फेट 20:20:0:13 मिल गई। जिसे झुकेही से परिवहन कर जिले में लाया जा रहा है

### उर्वरक की नहीं होगी समस्या

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले के किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों की वजह से कटनी जिले के लिए 720 मीट्रिक टन डी ए पी और अमोनियम फास्फेट सल्फेट 20:20:0:13 की रैक मिली है। कलेक्टर श्री यादव ने किसानों के हितों और उनसे सीधे सरोकार रखने वाले खाद एवं बीज की उपलब्धता जैसे विषयों के प्रति पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने कृषि, सहकारिता,मप्र विपणन संघ एवं एम पी एग्रो के अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले से ही निर्देशित कर रखा है।

### यहां होगी आवंटित

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई डी ए पी में से कटनी डबल लाक केन्द्र के लिए 100 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लाक केन्द्र के लिए 100मीट्रिक टन और सी एम एस मार्केटिंग सोसायटी कृषि उपज मंडी कटनी को 60 मीट्रिक टन एवं उमरियापान ढीमरखेड़ा को 60 मीट्रिक टन और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से सहकारी समितियों को 200 मीट्रिक टन डी ए पी आवंटित की जायेगी। इसी प्रकार अमोनियम फास्फेट सल्फेट 20:20:0:13 की बहोरीबंद गोदाम को 25 मीट्रिक टन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को 90 मीट्रिक टन तथा सी एम एस कटनी एवं सी एम एस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन और एम पी एग्रो कटनी को 25 मीट्रिक टन अमोनियम फास्फेट सल्फेट आवंटित की जायेगी। ताकि इन क्षेत्रों के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### खाद बिक्री केंद्रों में लगवायें दर सूची का बोर्ड

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड लगाने के पहले ही स्टैंडिंग निर्देश दिए गए थे।इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों

### खाद व बीज से संबंधित समस्या की यहां दें सूचना

कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद ,बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद ,बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071, 07622-220072पर दे सकते हैं।

## नगर वन में वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम आज, 11 हजार से अधिक रोपे जाएंगे पौधे

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वनमंडल कटनी के अंतर्गत नगर वन कटनी में मंगलवार 1 जुलाई को करीब 11 हजार से अधिक पौधों का वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा ने आमजन से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहां हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त प्राचार्य सुरेंद्र जैन का आज सम्मान समारोह

**बनवार।** पीएम श्री हाई स्कूल घटेरा के प्रभारी प्राचार्य सुरेंद्र कुमार जैन की सेवानिवृत्ति पर 1 जुलाई, मंगलवार को सम्मान समारोह होगा। कार्यक्रम स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि एस के असाटी डीपीसी दमोह होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवेंद्र वैध बीआरसी जबेरा, मोहन राय एपीसी, शरद तिवारी सहायक संचालक, विनोद बाजपेई विकासखंड शिक्षा अधिकारी जबेरा, प्राचार्य गोपाल महोबिया बम्होरी, प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार बनवार, बलराम चौबे जन शिक्षक, जनपद सदस्य कंछेदी यादव, समाजसेवी गुड्डा जैन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राघवेंद्र सिंह करेंगे। समारोह में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, सेवानिवृत्त शिक्षक के परिवारजन और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार जैन को सम्मानित किया जाएगा। उनकी सेवाओं को याद किया जाएगा।

### जामुन तोड़ने चढ़ा 12 वर्षीय बालक पेड़ से गिरा, हाथ के हुए तीन टुकड़े

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली नयापुरा ग्राम में एक दुर्घटना का मामला सामने आया है, जिसमें एक 12 वर्षीय बालक जामुन के पेड़ से जमीन में गिरकर घायल हो गया। जिसे परिजन आनंद-फानन में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालक का नाम विकास पिता श्याम बहादुर आदिवासी उम्र 12 वर्ष निवासी नयापुरा है जो सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे पेड़ पर जामुन तोड़ने के लिए चढ़ा था। तभी लड़का पेड़ से जमीन पर गिर गया जिस कारण से उसके हाथ की हड्डी टूट गई। जिसे परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने बताया की हड्डी तीन जगह से टूटी हुई है। जिसे प्राथमिक उपचार कर कटनी के लिए रेफर कर दिया।

### दहेज को लेकर महिला को किया जा रहा प्रताड़ित

**अमानगंज** थाने में पांच लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा का मामला दर्जपन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली टाइ ग्राम निवासी फरियादी रेखा कुशवाहा उम्र 21 वर्ष ने सोमवार की शाम 6:00 बजे अमानगंज थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका मायका भरतपुर बांधी में है उसकी शादी जुलाई 2024 में टाइ ग्राम निवासी अरविंद कुशवाहा के साथ हुई थी दो बार विदा होने के बाद सास, ससुर जेठ, जेठानी एवं पति द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। पति द्वारा मोटरसाइकिल एवं अन्य वस्तुओं की मांगी जा रही है। माँग पूरी न करने पर मारपीट की जाती है। फरियादी रेखा कुशवाहा की सूचना पर आरोपी पति अरविंद कुशवाहा, सास कौशल्या बाई कुशवाहा, ससुर पुरुषोत्तम कुशवाहा, जेठ राम जी कुशवाह, जेठानी सुमन कुशवाहा के खिलाफ अमानगंज पुलिस ने धारा 498 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मोबाईल व मोटर साईकिल रिपेरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण

**पन्ना।** रोजगार की दिशा को ध्यान में रखकर जहां युवाओं का भविष्य संवारने को लेकर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने दो प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जुलाई 2025 से 09. अगस्त 2025 तक 30 दिवसीय पुरूषों हेतु यह प्रशिक्षण की दिशा तय की गई है। जिसमें सेल फोन रिपेरिंग एवं सर्वसिंग तथा मोटर साईकिल रिपेरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें सेल फोन रिपेरिंग एवं सर्वसिंग से संबंधित समस्त प्रकार के कार्यों को सिखाया जायेगा। आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान यहां उक्त प्रशिक्षणार्थियों को रहने चाय नास्ता व भोजन कीर संपूर्ण व्वस्था निःशुल्क आरसीटी पन्ना के द्वारा की जा रही है। गौरतलब बात यह है कि इस प्रशिक्षण में आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड या जॉब कार्ड य स्व सहायता समूह की सदस्यता पर्ची वहीं अंकसूची के रूप में कम से कम 8वीं पास अनिवार्य माना जा रहा है।

---

ओपन जिम, पुस्तकालय कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, संगीत कक्ष का हुआ लोकार्पण

# शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय जहाँ विद्या ही नहीं परिवार के संस्कार भी दिए जाते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जिन विद्यार्थियों के 95, 96, 97, 98 प्रतिशत नंबर लाये उनको बधाई देता हूँ, साथ ही जो कम नंबर लाये उनको भी बधाई देता हूँ ताकि वे बेहतर करने की कोशिश करे, वो भी आगे बढ़ेंगे। शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय है जहाँ पर सिर्फ विद्या ही नहीं परिवार के संस्कार भी यहाँ दिए जाते हैं। किसी भी संस्था को खडे.करने के लिए जब तक समाज की सहभागिता नहीं होगी तब तक शायद खड़ा करना बहुत मुश्किल काम है। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेन ने सरस्वती विद्या विहार सीनि. सेके. स्कूल केशवनगर के लोकार्पण एवं मेधावी छात्र अलंकरण समारोह के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, विद्या भारती मध्य क्षेत्र अध्यक्ष विवेक शेंडे एवं विद्या भारती महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे मंचासीन रहे।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा आज उस बात को सुनकर के सुखद अनुभव हो रहा है, उन लोगों की मेहनत आज रंग लाई और इतने बड़े-बड़े विद्यालय जिले में स्थापित हो गए। उन्होंने कहा सच में विद्यार्थीगण बहुत मेहनत कर रहे हैं और उनके साथ-साथ माता-पिता सहयोग कर रहे हैं, मैं देखता हूँ कि किसी ना किसी गांव का परिवार किराये से रहकर के अपने पूरे परिवार के साथ बच्चों को पढ़ाने का काम कर रहा हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा शिक्षा का स्तर बड़ा है और उसमें बहुत बड़ा योगदान हर जगह, हर जिले में लगभग 13,000 विद्यालय पूरे देश में चल रहे हैं। उन्होंने कहा विधानसभा पथरिया का विद्यालय नंबर वन हैं, देख कर अच्छा लगता है कि यहाँ के बच्चे बहुत आगे बढ़ रहे हैं।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा सागर संभाग के सर्वोत्तम विद्यालय में खड़ा हूँ, आज जो कुछ चीजों के लोकार्पण एक साथ हुए हैं, मैंने पहले कभी देखा नही है। उन्होंने कहा इस अवसर पर आप सब को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूँ, जितने बेटे और बेटियां यहाँ पर पढ़ रहे है, उन सब के लिए मेरा ढेरों आशीर्वाद। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल और दमोह विधायक श्री मलैया ने विजय कुमार मलैया (बाबू जी) की पुण्यस्मृति में समर्पित कालिदास सभागार, विनायक राव शेंडे (बाबा) की पुण्यस्मृति में समर्पित पुस्तकालय कक्ष, खुशाल चंद जैन (पुजारी जी) की पुण्यस्मृति में समर्पित कंप्यूटर कक्ष, ओमप्रकाश राय (बुग्गे भैया) की पुण्यस्मृति में समर्पित संगीत कक्ष एवं नृत्य कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी भैया बहनों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर लालजी राम पटेल, डॉ. राजीव पाण्डे, राकेश पुजारी, राजीव बिरथरे, कपिल शुक्ला, मौंटी रैकवार, आदित्य चौरसिया, विद्यालय प्राचार्या डॉक्टर स्वप्ना तिवारी, सुरेंद्र चौरसिया, दीपक तिवारी, डॉक्टर सोनल राय, राजेश ताम्रकार, निशांत चौरसिया, महेंद्र ताम्रकार, सुधीर असाटी व मधुकर शिक्षा समिति तथा सरस्वती विद्या विहार आचार्य परिवार केशवनगर दमोह और शिक्षा भारती से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# प्रधान आरक्षक की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह, आंखे हुईं नम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

जबेरा थाना की सिंग्रामपुर चौकी से सेवानिवृत्ति के अवसर पर चौकी परिसर में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। समस्त पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्रीय लोगों ने भी चोकी परिसर पहुंचकर विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी बिदाई दी। उनके कार्यों को सराहते हुए, दिलों में उनकी याद बनाए रखने जैसे भाव प्रस्तुत किए साथ ही स्थानीय लोगों एवं समस्त चौकी स्टाफ ने प्रधान आरक्षक नारायण सिंह के कार्यकाल की सराहना की एवं उनके साथ किए गए कार्यों के अनुभव को बेहतर बताया। समारोह में सभी के द्वारा सेवानिवृत्त नारायण सिंह का पुष्प माला, शॉल, श्रीफल एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। सिंग्रामपुर चौकी में 5 बर्ष पदस्थ रहते आज पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए है इस अवसर पर नारायण सिंह के परिजनों की उपस्तिथि रही जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने कहा प्रधान आरक्षक नारायण सिंह के साथ काम करने का बेहतर अनुभव रहा उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला उनका मार्गदर्शन जिस तरह से मिला वह कभी भूल नहीं सकता आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा ऐसी अपेक्षाओं के साथ विदाई का यह पल मेरे लिए भावुक है विदाई समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत प्रधान आरक्षक नारायण सिंह पुलिस स्टाफ जनप्रतिनिधियों स्थानीय गणमान्य नागरिकों का जो स्नेह प्यार मिला विदाई समारोह कार्यक्रम में स्पष्ट झलकता है जन सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन ने बताया क्षेत्र में शांति व्यवस्था के साथ-साथ सभी त्योहार सौहार्द के माहौल में बीते पुलिसिंग के हर पहलू पर इनका कार्यकाल सराहनी रहा और आज यहां उपस्थित सभी जन उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतरीन कार्यकाल की सराहना करते हैं और विदाई के यह पल भावुक है।

### सिंग्रामपुर मे पांच साल कार्यकाल

सिंग्रामपुर जनपद प्रतिनिधि दीपक यादव बताया नारायण सिंह (दादा) ड्यूटी के वक्त पुलिस की ड्यूटी पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाते थे और बांकी समय जब लोगों से मिलते थे तो मिलनसार व्यक्तित्व की छबि लोगों के दिलों में जगह बना लेते है विदाई समारोह में सम्मिलित पुलिस स्टाफ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा भले ही मैं पुलिस सेवा से रिटायर हुआ हूं लेकिन क्षेत्र के लोगों की जो भी सेवा बनेगी उसके लिए सदैव समर्पित रहूंगा। इस अवसर पर जबेरा थाना प्रभारी विकास चौहान चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे सेवानिवृत्ति नारायण सिंह की पत्नी, पुत्र बेटी रिश्तेदार परिजनों सहित ग्राम के सचिव राकेश सिंह गोलू साहू, निवेश जैन, अजय राय,मोतिलाल यादव, मुलायम चंद जैन सहित ग्रामवासियों के साथ पुलिस स्टाफ की उपस्तिथि रही।

# प्राचार्य की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में शासकीय हाई स्कूल नावघाट में प्राचार्य के पद पर पदस्थ श्री आर के पाठक के सेवानिवृत्त होने पर नावघाट स्कूल में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया जहां उनके 39 वर्ष की शासकीय सेवा कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना कर सभी ने साल श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माता का पूजन कर प्रारम्भ किया गया। श्री पाठक ज़ी के जीवन परिचय एवं शासकीय सेवाकाल की जानकारी रामशंकर गर्ग द्वारा दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक ने पाठक ज़ी के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे स्वस्थ जीवन की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अथिति पूर्व प्राचार्य श्री विनय शंकर दवे, आरपी बड़ोनिया, भूपेंद्र राजपूत, बीईओ बीएल बिदोल्या, संकुल प्राचार्य बीपी ठाकुर ने अपने अपने उद्बोधन में श्री पाठक ज़ी के कार्यकाल की सराहना करते हुए,, वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों से त्याग निष्ठा से कार्य करने की अपील की 1 अंतिम वक्ता के रूप में श्री पाठक ज़ी ने अपने गांव देवरागड़ी से तेदूखेड़ा फिर दमोह कुम्हारी हटा में अपनी सेवायो का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन पीएन खेमरिया ने किया एवं आभार उच्च श्रेणी शिक्षक रामशंकर गर्ग ने किया। कार्यक्रम में डाइट से आरपी विश्वकर्मा, पीसी खटीक, श्याम सुंदर प्यासी, केएल तंतुवाय, पाठक ज़ी के प्रथम गुरु कुस्मया, विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक प्राचार्य उपस्थित रहे। नावघाट प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल के समस्त स्टाप का सराहनीय सहयोग रहा।

# अजाक्स के निर्वाचन में मुरारी लाल अहिरवार बने जिलाध्यक्ष



**हटा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के जिला अध्यक्ष पद हेतु रविवार को जिले की सभी तहसीलों में एक साथ चुनाव संपन्न हुए जिसमें हटा तहसील के मुरारी लाल अहिरवार शिक्षक ने अपने प्रतिद्वंदी मुकेश अहिरवार को 147 मतों से पराजित कर जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। रविवार को दमोह जिले की समस्त तहसील के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमे समूचे जिले के एससी एसटी वर्गो के शासकीय कर्मचारी जो निर्वाचन नामावली में सदस्य थे उन सभी लोकसेवकों ने अपने अपने पसंद के उम्मीदवारों को वोटिंग की जिसमें जिलाध्यक्ष,तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव हुआ। वोटिंग सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक चली इसके बाद वोटिंग की गिनती हुई जिसमें दमोह जिलाध्यक्ष पद पर मुरारीलाल अहिरवार को जिले की समस्त तहसीलों से 668 मत मिले वही प्रतिद्वंदी मुकेश अहिरवार को 521 मत प्राप्त हुए जहां मुरारी लाल अहिरवार 147 मतों से जीत का परचम लहराया और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मुकेश अहिरवार को पराजित किया। जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति पत्र जारी होते ही उनके समर्थक कर्मचारियों ने मिलकर घंटाघर दमोह स्थल पर विजय जुलूस निकाला इस जीत पर मुरारीलाल अहिरवार ने कहा अजाक्स संघ सभी के हक अधिकारो को लेकर सभी के समन्वय से मिलकर कार्य करते हुए सभी को शिक्षा और रोज़गार को लेकर कार्य करेंगे।

# युवाओं ने टाटा मोटर्स में अपनी नई पारी की शुरुआत

**दमोह।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत दमोह के 30 प्रतिभाशाली युवाओं ने टाटा मोटर्स में अपनी नई पारी की शुरुआत की। इन युवाओं का चयन Quess Corp के माध्यम से हुआ है। यह आयोजन दमोह के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआ है, जो अब टाटा मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। टाटा मोटर्स में शामिल होने वाले इन युवाओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है, जो कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवा संगम कार्यक्रम के आयोजकों ने इन युवाओं को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं। यह आयोजन दमोह के युवाओं के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है, जो अब अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करके अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। आईटीआई प्राचार्य अभिषेक तिवारी ने कहा हमें दमोह के युवाओं की प्रतिभा पर गर्व है, जिन्होंने टाटा मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में अपनी जगह बनाई है। हमें उम्मीद है कि ये युवा कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और अपने सपनों को पूरा करेंगे।

# किराना दुकानदारों को दिए दिशा निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर स्थित रिटेल किराना स्टोर्स में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए विक्रय की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की गई। कार्यवाही में बस स्टैंड स्थित फ्रेश एन फाइन का निरीक्षण किया गया। उक्त दुकान में खराब हींग चना एवं मूंगफली नमकीन ग्राहक को बेचने की सी.एम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित हींग चना एवं मूंगफली नमकीन के नमूनें जांच हेतु लिए गए इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। खराब खाद्य सामग्री के विक्रय एवं भंडारण नहीं करने के सभी किराना दुकानदारों को दिशा निर्देश दिए गए।

# साहित्यकार के के पांडे हुए सेवानिवृत्त



दमोह। हायर सेकेंडरी स्कूल मुड़यिा से उच्च श्रेणी शिक्षक, कवि, साहित्यकार कृष्ण कुमार पांडे सेवानिवृत्त हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर सी. पटेल प्राचार्य कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र पटेल पूर्व प्राचार्य एवं आर.एस.राजपूत. पूर्व स.जिला संचालक शिक्षा, कारपेंटर श्रीमती अजिता मिश्रा एवं समस्त संकुल केंद्र के कर्मचारी व परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कृष्ण कुमार पांडे ने अनाथ एवं निर्धन सात बच्चों की आर्थिक सहायता की। जिसकी बहुत भूरी भूरी प्रशंसा की गई। श्री पांडे कई मंचों पर काव्य गायन एवं पांच पुस्तकों की रचना कर चुके हैं सभी मित्रों ने स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

# इमलीडोल में बीज वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इमलीडोल में धरती आभा कार्यक्रम के तहत पंचायत भवन इमलीडोल मे आश्रित ग्रामों जरुआ, हाथीडोल एवं इमलीडोल के किसानों के लिए कृषि विभाग एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा बीज वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा 200 किसानों को उड़द मिनी किट वितरित की गई, वहीं ग्रामीण विकास समिति द्वारा 88 किसानों को कोदो और कुटकी बीज प्रदान किए गए। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी सु श्री प्रिया तिवारी ने किसानों को लघु अनाज मिशन के अंतर्गत कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा एवं अन्य लघु धान्यों की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने मृदा परीक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व और तरीकों पर भी विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में किसानों के मध्यप्रदेश किसान पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया भी की गई, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। ग्रामीण विकास समिति कार्यक्रम संगठक धरमदास पाल ने तीनों ग्रामो के किसानों को लाइन से बोनी करने और पंचगव्य, वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के तरीके व फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी व सुझाव दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच नवल झारिया, पंचायत सचिव भगवानदास यादव, ब्रजेश लोधी, कृषिविस्तार अधिकारी सुरेंद्र सिंह राजपूत, कृषक भागसिंह, श्रीमती तुलसा बाई, संध्या, लक्ष्मी रानी, व देवेंद्र सिंह, नीरज यादव, सहित कार्यक्रम में पंचायत के करीब 200 किसान सहभागी बने। यह पहल क्षेत्र में टिकाऊ कृषि, पोषण सुरक्षा एवं आदिवासी समुदाय के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है।




# जनपद पंचायत पवई में कार्यरत दो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

जनपद सभागार में हुआ गरिमामयी कार्यक्रम




**पन्ना।** जनपद पंचायत पवई में पदस्थ वेदनारायण अवस्थी खंड पंचायत अधिकारी एवं किशोर सिंह खलासी द्वारा शासन द्वारा निर्धारित शासकीय सेवा में सेवाअवधि पूर्ण करने पर सोमवार को जनपद पंचायत के सभागार में गरिमामई विदाई समारोह कार्यक्रम का मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश कइयाय की अध्यक्षता में आयोजन किया गया । सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनपद सदस्यों, परिजनों के द्वारा दोनों कर्मचारियों का फूल माला पहनाकर,तिलक लगाकर सम्मान किया गया,तत्पश्चात उन्हें भेंट स्वरूप् शाल श्रीफल एवं रामायण उपहार स्वरूप् दी गई। इसके बाद सभी ने दोनों कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। बता दें कि वेदनारायण अवस्थी ने 39 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर दोनों कर्मचारियों के परिजन जनपद पंचायत के अधिकारी,कर्मचारी,सरपंच सचिवों के साथ पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# जलगंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नन्दनपुर पड़रहा ओर भकुरी के सरपंच सम्मानित

सीईओ ने प्रसस्ति पत्र सौंप कर किया सम्मानित



**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन समापन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री का उद्बोधन जनपद पंचायत अजयगढ़ में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसी कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण को लेकर जिस ग्राम पंचायत के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये है उन पंचायत के सरपंचों को प्रसस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया है। अजयगढ़ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत नन्दनपुर की सरपंच श्रीमती सुआकाली ,भकुरी सरपंच रन्ना यादव ओर पड़रहा सरपंच रामसखी यादव एवं इंजीनियर आशीष विश्वकर्मा को जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जनपद सीईओ सतीस सिंह के द्वारा प्रसस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया है। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव, कइयक्ष महबूब खान, मंडल अध्यक्ष बीरा विजय पटेल, जनपद सदस्य सहित एपीओ अमित यादव,इंजीनियर अशोक प्रजापति,आशीष विश्वकर्मा, नरसिंह सोनकर,सहायक ग्रेड कमलेश खरे सचिव रामशरण पटेल सहायक सचिव हीरालाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हटा के जनपद पंचायत सदस्य/ पद के नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही आज

**दमोह।** एस.डी.एम. कार्यालय हटा में आज 01 जुलाई 2025 से विकासखंड हटा के जनपद पंचायत सदस्य पद क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद रिक्त स्थान भरने हेतु नाम निर्देशन पत्र जमा किए जाने की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। इस सबंध में रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया हैं। विकासखंड हटा के जनपद पंचायत सदस्य( पद क्षेत्र क्रमांक 16 रिक्ता स्था न भरने हेतु निर्वाचन किया जा रहा हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम को रिटर्निंग ऑफिसर पदाभिहित किया। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार विकासखंड हटा के जनपद पंचायत सदस्य पद क्षेत्र क्रमांक 16 के नामनिर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय हटा में समय प्रातः 10:30 बजे से निर्धारित की गई है।

### कुंडलपुर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आज घटयात्रा से होगा शुभारंभ

**दमोह।** श्री कुंडलपुर जी की सिद्धभूमि पर सिद्धो की महाआराधना करने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ आज एवं जुलाई को भव्य घटयात्रा से हो रहा है। संतोष सिंघई, रेशू सिंघई एंड परिवार द्वारा आयोजित इस महापर्व में ब्र संजीव भैया जी कटंगी, ब्र अनुज भैया जी का निर्देशन रहेगा। पुण्यार्जक परिवार श्रीमंत सिंघई परिवार दमोह ने संजातीय बंधुओ से विधान कार्यक्रम में पहुंच कर पुण्य लाभ लेने का निवेदन किया है।

### जिला अध्यक्ष कपिल सोनी का जन्म दिवस मनाया

दमोह। सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष कपिल सोनी का जन्म दिवस दीनदयाल रसोई परिसर में धूम्रधाम के साथ मनाया गया।इस दौरान प्रमुख रूप से अनूप तिवारी,नंदन चक्रवर्ती, मनोज देवलिया,पिंकू गौतम,मोंटी रैकवार, प्रमोद विश्वकर्मा, एडवोकेट हरिश्चंद्र पटेल,राजू नामदेव,लखन केसरवानी, दयालु ठाकुर,संजय गौतम, अमरदीप जैन (लालू भैया),नीलेश पारोचे,दिलीप चौरसिया, नंदू रैकवार,भगवत बंसल, रामलाल रजक सहित सकल हिन्दू समाज के समस्त पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

### महदेला परिवार में शोक

**पटेरा।** पटेरा तहसील के ग्राम बरखेरा बैस निवासी महदेला परिवार की श्रीमति राजप्यारी पति अमर सिंह महदेला का 92 वर्ष की अवस्था में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति अमर सिंह, पुत्रों में उत्तम सिंह, हाकम सिंह, रतन सिंह, शोभा सिंह, महदेला से भरा पूरा परिवार को छोड़ गई है। सभी वर्ग के नागरिको ने अंतिम संस्कार में भाग ले कर शोक संवेदना प्रकट की।

### आरोपी गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवरात बरामद

# 24 घंटे में पुलिस ने पकड़ी दो चोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

थाना तेंदूखेडा पुलिस द्वारा लगातार दो चोरी करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में दिनाँक 28 जून 2025 को प्रार्थी जगदीश चक्रवर्ती पिता रामप्रसाद चक्रवर्ती उम्र 32 साल निवासी वार्ड नंबर 08 विद्यानगर तेंदूखेडा ने अपने घर के अंदर रखें चांदी के जेबरात, छोटी बडी पायलें, संतान साते की चूडी, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 262/25 धारा 331(4),305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



इसी प्रकार दूसरी घटना. दिनांक 29 जून 2025 को प्रार्थिया नेहा पति हरगोविन्द साहू उम्र 25 साल निवासी तारादेही रोड तेंदूखेडा ने अपने घर के अंदर रखे चांदी के जेबरात दो जोडी कंगन, एक चांदी की चेन, एक जोडी चांदी की राईबोरा पायल, दो जोडी चांदी के बच्चों के कंगन, दो चांदी के करडोरा तीन चांदी की संतानसाते की चूडियां, एक चांदी को डोरी व एक सायकिल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 264/25 धारा 331(4),305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक सुधीर भदोरिया एवं एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना तेंदूखेडा पुलिस की गठित टीम द्वारा दोनो चोरियों के आरोपी को मय चोरी के माल के 24 घंटे के अंदर किया गया गिरफ्तार ।

पुलिस ने चांदी के जेबर एक जोड चांदी की पायलें, चार संतान साते की चांदी की चूडियां कीमती करीबन 14,000 रूपये । 2. दो जोडी कंगन, एक चांदी की चेन, एक जोडी चांदी की राईबोरा पायल, दो जोडी चांदी के बच्चों के कंगन, दो चांदी के करडोरा तीन चांदी की संतानसाते की चूडियां, एक चांदी को डोरी व एक सायकिल कुल कीमती करीबन 1,70,000 रूपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी रामकुमार उर्फ कुल्ले पिता गुड्डा रैकवार उम्र 29 साल निवासी वार्ड नंबर 09 भटरिया मोहल्ला तेंदूखेडा, एवं इसके साथ चोरी में दो महिलाएं भी शामिल है।

कार्रवाई में पुलिस बल थाना प्रभारी तेंदूखेडा उनि, नीतेश जैन, सउनि गजराज सिंह, प्रआर. बृजेश तिवारी, प्रआर. रूपेश तिवारी, आर. नंदलाल कुर्मी, आर. रणधीर सिंह, आर.नीरज नामदेव, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. राममिलन घोषी का विशेष योगदान रहा।

## गौमुख धाम झरना तथा सिलापरी झरना दोनों स्थलों पर नहाने-तैरने पर पूर्णतः प्रतिबंध

**दमोह।** हटा क्षेत्र अंतर्गत तहसील हटा के ग्राम मडियादो स्थित गौमुख धाम झरना तथा ग्राम सिलापरी स्थित सिलापरी झरना में अधिक संख्या में लोग नहाने/तैरने के लिए पहुंचते हैं। वर्षा काल में उक्त दोनों स्थलों पर पानी के तेज बहाव के कारण एवं चट्टाने होने के कारण कभी भी गंभीर अप्रिय घटना घटित हो सकती हैं। किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी हटा राकेश सिंह मरकाम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत उक्त दोनों स्थलों पर तत्काल प्रभाव से पूर्णतः प्रतिबंधित किया हैं। जारी आदेश में कहा गया उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश जन सामान्य के जान माल की सुरक्षा तथा भविष्य के खतरे की संभावना को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया हैं।

## चार्जशीट पेश होने के बावजूद नहीं मिली जमानत, गाय वध के आरोपी जेल में ही रहेंगे

**दमोह।** गर्भवती गाय के क्रूरतापूर्वक वध एवं उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के गंभीर मामले में अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता ने आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मामले में शासन की ओर पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। प्रकरण के अनुसार, 7 मार्च 2025 को थाना प्रभारी कोतवाली के निरीक्षण दौरान सीताबावली मरघटा के पास पहुंचने पर वहा मौजूद तुलसीराम और छुट्टू यादव से सूचना प्राप्त हुई कि कल्लू कुरैशी के घर पर गाय काटी जा रही है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचने पर दरवाजा खुला मिला, भीतर प्रवेश करने पर दरवाजे के सामने कटी हुई गर्भवती गाय तथा कमरे में कटे हुए पैर और पास ही लोहे की कुल्हाड़ी, चाकू व आरी खून से सने हालत में मिले। मौके से कल्लू कुरैशी, रेखा कुरैशी, समीर उर्फ मिट्ठू, शादाब, नवाजिश, तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इस दौरान तीन माह की अवधि में पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दी। इसके बाद आरोपियों रेखा कुरैशी, समीर उर्फ मिट्ठू कुरैशी और एक नाबालिग की ओर से, चार्जशीट पेश हो जाने एवं साढ़े तीन माह से अधिक समय से जेल में होने का आधार बनाकर जमानत याचिका प्रस्तुत की गई। शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया गया कि आरोपियों की घटना में संलिप्तता, अपराध की प्रकृति, एवं इससे समाज में उत्पन्न वैमनस्यता अत्यंत गंभीर है। न्यायालय ने इन तथ्यों से सहमत होते हुए कहा कि यह अपराध न केवल विधि के विरुद्ध है, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र को भी चोट पहुँचाता है, अतः इस स्थिति में आरोपियों को जमानत का लाभ दिया जाना उचित नहीं होगा।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई फर्जी एफआईआर वापिस ली जाये : रतनचंद जैन



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के आहवान पर कांग्रेसजनों में लोधी क्षत्रिय समाज के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुखिया जीतू पटवारी पर जिला अशोकनगर के मुंगावली थाना में की गई फर्जी एक.आई.आर. वापिस लिये जाने को लेकर एस.पी. कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए एडीनशल एस.पी. को ज्ञापन सौपा। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार कितनो का मुंह बंद करवाये बाकी कांग्रेसी अपने आप ही डर जायेगे किन्तु हम डरने वाले नहीं है। प्रताप सींग, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, राजेश तिवारी, तिलक सींग, परम यादव, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बबलू भटट, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अरूण मिश्रा, ब्रजेन्द्र सींग, मंजीत यादव, रियाज खान, उबेद गौरी, मदन सुमन, अभिषेक यादव, गीता लोधी, पप्पू कसोटया, अमर सिंह, खिल्लू ठाकुर, अफजल खान, भाजपा की मोहन यादव सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा है जिन व्यक्तियो को मानव मल तक खिलाया गया। उनकी आवाज उठाने पर एफ.आई.आर करवाना उससे भी बडा धिनौना काम है। भाजपा की सत्ता की भूख और विपक्ष के प्रति धृणा से इस मामले को शर्मनाक मोड दे दिया है। इस अवसर पर पुरूषोत्तम कुशवाहा, विजय कर्माकर, पप्पू कुशवाहा, अमित पटेल, महराज सिंह, शंकर सिंह, शिवा भटट, इनायत अली, गजराज सींग, प्रशांत सोनी सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## आचार्यश्री का मुनि दीक्षा दिवस भक्तिभाव के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के मंगल आशीर्वाद तथा आर्यिका तपो मति माता जी के मंगल सानिध्य में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के तीसरे दिन सोमवार को आचार्य श्री विद्यासागर जी का 58 व मुनि दीक्षा दिवस भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः श्रीजी के अभिषेक शांति धारा पूजन के साथ आचार्य श्री के चरण कमल की भी शांति धारा की गई। जिसका सौभाग्य ब्रह्मचारी रोहित भैया विजयनगर को प्राप्त हुआ। श्रीजी की शांति धारा का सौभाग्य आनंद बीएसएनएल,



मनीष बजाज सुरेंद्र बमोरिया एवं राजेंद्र अटल परिवार को प्राप्त हुआ। श्री जी के पूजन उपरांत आचार्य छत्तीसी विधान आर्यिका संघ के सानिध्य एवं मुखारबिंद से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य अंकित भैया, सुरेश चंद जी शास्त्री, आशीष अभिषेक शास्त्री अरिंजय बर्धन के निर्देशन में विधान उपरांत विश्व शांति हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसमे महापात्राओं के साथ इंद्र इंद्राणी श्रावक जनों ने भक्ति भाव के साथ पूजन करते हुए भगवान पारसनाथ के साथ विशाल समवशरण में विराजमान 121 जिनविंब की स्तुति की। इस अवसर पर सोधर्म इंद्र बनकर पूजन का सौभाग्य अभय बनगांव परिवार को प्राप्त हुआ। महायज्ञ नायक चन्द्रकुमार परिवार ने हवन पश्चात शान्ति धारा संपन्न कराई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शक्ल दिगंबर जैन समाज की मौजूदगी रही। नन्हे मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने बताया कि 1 जुलाई को धर्मशाला परिसर में निर्मित नवीन अस्थाई वेदिका जी पर भगवान पारसनाथ जी के विशाल समवशरण से 121 जिनविंब की स्थापना की जाएगी। महामंत्री राजकुमार जैन रानू ने सकल जैन समाज से वेदी प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर धर्म लाभ की अपील की है।

## अमझिर ग्राम पंचायत टीवी मुक्त कार्यक्रम आयोजित




**दमोह।** प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हटा ब्लॉक के अमझिर ग्राम पंचायत में टीवी मुक्त कार्यक्रम एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत मेगा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन दमोह की टीम के द्वारा छुपे हुए टीवी रोगियों की खोज हेतु स्क्रीनिंग की गई जिसमें दमोह कलेक्टर महोदय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उच्च जोखिम क्षेत्र के हितग्राहियों के हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन के द्वारा 48 चेस्ट एक्स-रे एवं 33 शंकालु क्षय रोगियों के स्पुटम लिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत के अध्यक्ष गंगाराम पटेल, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि गण के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे, टीवी विभाग की ओर से डीपीसी श्री दीपक सिंह राजपूत, हरिकृष्ण दहायत, पिरामल हेड लीडर श्री लॉरेंस रायबोले एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर की CHO, ANM,Asha, एवं श्री मानक लाल रैकवार की उपस्थित रही। 91 87702 84524: लगातार सुबह से बारिश होने के बाद भी ग्राम वासियों के हौसले देखकर खुशी हुईकि हर व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है जो इतनी विपरीत परिस्थितियों में जब पानी तेज, लगातार गिर रहा है उसके बाद भी वह स्वास्थ्य सुविधा लेने ग्राम पंचायत में आए।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने सौपा ज्ञापन

दमोह। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दमोह द्वारा 27 जून 2025 को जारी की गई पात्र हितग्राहियों, कर्मचारियों की सूची में गजब फर्जीवाड़ा देखने को मिला है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक के रिटायरमेंट के पहले जूनियर समिति प्रबंधकों के प्रमोशन में चौंकाने वाली बात सामने आई है कि ब्रजेश कुर्मी जो कि महज अनुभव अनुसार 17 वर्ष 6 माह में लेखपाल कंप्यूटर आपरेटर की नौकरी मिल गई और उसी आधार पर प्रमोशन हो गया जबकि देवरान समिति में पहले से 4 माह तक नरेंद्र पटेल आपरेटर की सेवाएं देते रहे। इस तरह की अनेक अनियिमित्ताए बनाम फर्जीवाड़ा से आहत सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने दमोह कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंप गंभीर अनियमिताये से अगवत कराते हुए उस पर तत्काल कार्यवाही कर सूची निरस्त करने की मांग की है। 6 सूत्रीय ज्ञापन में बताया गया है कि 18 वर्ष से कम उम्र में नियुक्ति हो गयी और कम से कम दस वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र दिया गया। हिरदेपुर समिति से 3 कर्मचारियों का प्रमोशन हो रहा जिनमें 2 कर्मचारियों पर एफ.आई.आर. दर्ज है जिनकी सुप्रीमकोर्ट से जमानत हुई हैं और केस चल रहा है। विक्रेता एवं कम्प्यूटर आपरेटर को भी रातो रात उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया गया और वह पात्र हो गये। कुछ कर्मचारियों के फार्म गुमा दिये गये जैसे दीनदयाल पाठक मारुताल समिति से। सच में पात्र कर्मचारियों को इसमे शामिल किया जावे। दमोह ब्रांच के सुपरवाईजर महोदय द्वारा गंभीर अनियमितताएं की जा रही है उनको दमोह ब्रांच से अन्यत्र जगह स्थानांतरण किया जावे। जिस भी शाखा प्रबंधक, प्रशासक महोदय एवं समिति प्रबंधक ने अपनी पद मृद्रा सील एवं हस्ताक्षर से उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया उसके उपर तुरन्त एफ.आई.आर. दर्ज कराकर उनको पद से बर्खास्त किया जाये। ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष भूपेन्द्र तिवारी, सचिव राकेश रजक, सुनील पांडे, डीडी पाठक, विनोद पटैल और बड़ी संख्या में समिति के लोगों की उपस्थिति रही।

# शासकीय स्कूल पहुंचे थाना प्रभारी

नरसिंहगढ़। पथरिया विधानसभा क्षेत्र के बोतराई ग्राम के शासकीय स्कूल में सोमवार को उस समय विशेष माहौल बन गया जब पथरिया थाना प्रभारी मनीष कुमार बेगी अचानक 10वीं कक्षा में पहुंच गए। उनके आगमन से छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल बन गया। टीआई मनीष बेगी ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी के महत्व को समझाते हुए उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए बताया कि कैसे वे शिक्षा के माध्यम से अपने माता-पिता, गांव और जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि समझने और आनंद लेने की प्रक्रिया बताते हुए सरल तरीकों से पढ़ाई करने के कई टिप्स भी साझा किए। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच और मेहनत को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने टीआई बेगी के इस प्रेरणादायक प्रयास की सराहना की।

# कुण्डलपुर में आचार्यश्री के 58 वें मुनि दीक्षा दिवस पर हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में विश्व वंदनीय महासमाधि धारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 58वां मुनि दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आचार्य छत्तीसी विधान, शांति विधान हुआ। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांतिधारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य सचिन चाइना समित सागर ,नरेशचंद्र पंकज पारस नवीन आनंद दिल्ली, केयूर चोटलिया राजेंद्र विनोद राय गुजरात, ताराचंद सत्येंद्र मुहारा (जतारा), नमन प्रशांत प्रमोद भोपाल ,तनिष्क संदीप इचलकरंजी ,अशोक हर्ष विनायका कोलकाता, संदीप निरंजन मगदुम कोल्हापुर आदि ने प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रेष्ठी पंकज जैन पारस चैनल दिल्ली ,नवीन जी गुडगांव ,आनंद जी स्टील सागर, सचिन जी चाइना सागर ,चंद्रकुमार सराफ अध्यक्ष कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी, इंजी. आरके जैन महामंत्री, ललित सराफ समन्वयक, कस्तूरचंद जैन, पुरुषोत्तम जैन सहित क्षेत्र कमेटी पदाधिकारी सदस्य, बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना पूज्य बड़े बाबा एवं आचार्य श्री की संगीतमय भक्तिपूर्वक महाआरती हुई।

# पुलिस अधिकारी व पांच कर्मचारी को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पुलिस कन्टोल रूम दमोह में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक विजय अहिरवार, उप पुलिस अधीक्षक हेड क्वाटर, कार्यवाहक प्र.आरक्षक नारायण जाट, कार्यवाहक प्र.आर. हीरालाल सेन, कार्यवाहक प्र.आर. उत्तम लाल पटैल, कार्यवाहक प्र.आर. भागीरथ अहिरवार, आरक्षक किशोरीलाल गौड को पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकिर्ती सोमवंशी (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं प्रभारी रक्षित निरीक्षक अभिनय साहू की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी। पुलिस अधीक्षक श्रुतिकिर्ती सोमवंशी ने कहा कि आप सभी की 38 से 42 साल तक की सेवा अवधी शानदार, यादगार एवं बेदाग रही। आप सभी ने निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, एवं दमोह पुलिस को सराहनीय योगदान दिया तथा हमेशा विभाग के लिये समर्पित रहे। आप सभी को एवं आपके परिवार को लम्बे और सफल कार्यकाल के लिये बधाई। जिस प्रकार आप सभी की उज्जवल छवि रही है, एवं अपने आपको स्वस्थ बनाये रखा है, इसी प्रकार सेवा निवृत्त होने के बाद भी परिवार के साथ सुखमय एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत करें, अपने स्वास्थ का हमेशा ख्याल रखें, यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो आप कभी भी किसी भी समय मुझे अपनी समस्या बता सकते है, आपकी समस्याओं का त्वरित प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जावेगा।

## उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में रौपे गए पौधे



**पटेरा।** नगर के उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे, प्राचार्य जे एस अहिरवार, जैन मिलन पटेरा, शाखा अध्यक्ष पत्रकार नरेन्द्र बजाज, शिक्षकों में वंदना भोज, कमलेश शर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, राज ताम्रकार सहित स्टाफ शामिल रहा।

**आम सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सत्येंद्र सींग पिता धनसींग निवासी कोड़ाखुर्द तह. जबेरा जिला दमोह शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सभी कागजातों में मेरा नाम सत्येंद्र सींग लिखा हुआ है जबकि सिर्फ ड्राइविंग लाइसेंस में सत्येंद्र सींग गौड़ लिखा हुआ है । मै अपने ड्राइविंग लाइसेंस में भी अब सत्येंद्र सींग कराना चाहता हूं ताकि सभी दस्तावेजों में एक रूपता बनी रहे। अत: आज से मुझे सत्येंद्र सींग के नाम से ही जाना पहचाना एवं लिखा जाए।

सूचनाकर्ता
सत्येंद्र सींग